समागम के दौरान मेहमान व नाटक पेश करते कलाकार।

नशा विरोधी मुहिम का एस.एस.पी. ने किया आगाज

नाटक 'मिट्टी रुदन करें' से किया नशे पर कटाक्ष

भीखी, 2 मार्च (हरीश): रूरल यूथ क्लब एसोसिएशन मानसा व वेदांता ग्रुप तलवंडी साबो पावर लिमिटेड बनांवाली एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम का आगाज एस.एस.पी. हरदयाल सिंह मान ने गांव जोगा से किया। एस.एस.पी. ने बताया कि इस मुहिम के दौरान नशा विरोधी टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागृत करेंगी। उन्होंने कहा कि नशे के कारण हमारी नौजवान पीढ़ी खत्म होती जा रही है। हम देखते हैं कि राष्ट्रीय खेलों में कभी पहले स्थान पर रहने वाली पंजाब की टीम आज 14वें नंबर पर है। उन्होंने इस मुहिम में सहयोग देने वाली संस्थाओं वेदांता ग्रुप व क्लबों का धन्यवाद किया और कहा कि अगर

नशा विरोधी टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को करेंगी जागृत

आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए, जिसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वेदांता ग्रुप के सहायक जनरल मैनेजर पी.सी. दास व पब्लिक रिलेशन आफिसर मैडम शोभना जनेजा ने ग्रुप द्वारा इस मुहिम में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान नेहरू युवा केंद्र की जिला यूथ को-आर्डीनेटर परमजीत सोहल व लेखाकार संदीप घंड ने बताया कि इस मुहिम के प्रति क्लबों में उत्साह पाया जा रहा है। सदर रंगमंच जोगा द्वारा पेश किए नाटक 'मिट्टी रुदन करें' में नशे के खिलाफ कटाक्ष व नशे की बर्बादी को लोगों ने भावपूर्ण होकर देखा।

मानसा रूरल यूथ क्लब एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि नशों के खिलाफ इस मुहिम को क्लबों के पूर्ण सहयोग से लोक लहर बनाया जाएगा। बाबा हजूरी स्पोर्ट्स क्लब जोगा के अध्यक्ष प्रो. राजबीर सिंह ने नाटक पेश करने पर आभार जताया। इस मौके पर हरविंद्र सिंह, संदीप कौर, सरपंच बिंदर कौर, पूर्व सरपंच जगतार सिंह व समूह पंचायत सदस्य हाजिर थे।